वर्ष- 02 अंक- 195

छपरा

9 जून सोमवार 2025

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

## सीजेआई खन्ना ने जस्टिस वर्मा से इस्तीफा मांगा था नहीं दिया तो पद से हटाने की सिफारिश की



**नई दिल्ली,एजेंसी।** पूर्व CJI संजीव खन्ना ने इनहाउस रिपोर्ट के आधार पर जस्टिस यशवंत वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा था। जस्टिस वर्मा के इनकार करने पर CJI खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने की सिफारिश की। न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों ने हवाले से यह जानकारी दी है।

इससे पहले ANI ने बताया था कि केंद्र सरकार जस्टिस वर्मा को पद से हटाने के संसद के मानसून सत्र में प्रस्ताव ला सकती है। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित सरकारी घर में 14 मार्च को आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब आग बुझाने गई तो उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जज को हटाने की प्रक्रिया के जानकार अधिकारियों ने बताया कि जस्टिस यशवंत वर्मा के पास सिर्फ इस्तीफा देने का विकल्प बचा है। अगर वे इस्तीफा देते हैं तो उन्हें रिटायर्ड जज की तरह पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। संसद में प्रस्ताव लाकर अगर जस्टिस वर्मा को हटाया जाता है, तो किसी तरह के लाभ नहीं मिलेंगे।

## मूसेवाला की डॉक्यूमेंट्री पर विवाद

### पिता ने डीजीपी महाराष्ट्र से की शिकायत, प्रसारण पर रोक की मांग



**मानसा,एजेंसी।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने महाराष्ट्र के डीजीपी और जुहू पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने एक चैनल द्वारा 11 जून को प्रसारित होने वाली डॉक्यूमेंट्री पर रोक लगाने की मांग की है।

बलकौर सिंह ने बताया कि चैनल ने जुहू में दोपहर 3 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसमें लोगों को आमंत्रित किया गया है। डॉक्यूमेंट्री में सिद्धू मूसेवाला से जुड़ी अनदेखी जानकारियां दिखाने का दावा किया जा रहा है।

## तेलंगाना में कैबिनेट विस्तार, तीन कांग्रेस विधायकों को मिली रेवंत रेड्डी मंत्रिमंडल में जगह

**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना में कैबिनेट विस्तार किया गया। यहां पर तीन कांग्रेस विधायकों को सीएम रेवंत रेड्डी सरकार में जगह दी गई है। रविवार को राजभवन में कांग्रेस विधायक जी विवेक, ए लक्ष्मण कुमार, वक्ति श्रीहरि ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली। दिसंबर 2023 में रेवंत रेड्डी सरकार के सत्ता में आने के बाद यह पहला कैबिनेट विस्तार है। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने नए मंत्रियों को बधाई दी। रेड्डी ने एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी विधायक रामचंदर नाइक को विधानसभा का उपाध्यक्ष बनने पर बधाई भी दी। तेलंगाना में कैबिनेट विस्तार को लेकर कई दिनों से अटकलें चल रही थीं। पिछले दिनों सीएम रेवंत रेड्डी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ ने नए मंत्रियों को शामिल करने और प्रदेश कांग्रेस इकाई के पदाधिकारियों की नियुक्ति पर दिल्ली में एआईसीसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श किया था।

### म.प्र. समेत 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

# राजस्थान में 46डिग्री पहुंच सकता है पारा सिक्किम के चाटेन में फंसे सभी लोगों का रेस्क्यू





**नई दिल्ली,एजेंसी।** मौसम विभाग के मुताबिक मानसून के दक्षिणी और पूर्वोत्तर के राज्यों में ठहरने के चलते उत्तर भारत में अगले दो दिन तेज गर्मी पड़ सकती है। मध्य प्रदेश समेत 7 उत्तरी राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। जबकि राजस्थान में एक बार फिर पारा 46डिग्री तक जा सकता है।

इधर, गंगटोक के पाकयोंग में सेना के जवानों ने MI-17 हेलिकॉप्टरों के साथ चाटेन लैंडस्लाइड में फंसे सभी लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया। कई दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश के कारण राज्य में भूस्खलन, मिट्टी धंसने, अचानक बाढ़ और चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई थीं। अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ के हालात में शनिवार को भी सुधार हुआ। नदियों का जलस्तर घटने लगा है, जबकि 24 जिलों में 33 हजार लोग अभी भी प्रभावित हैं। हालांकि कई जगह लैंडस्लाइड के चलते वाटर पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, इससे पेयजल संकट बढ़ गया है।

अरब सागर से तेजी से आगे बढ़ा मानसून 29 मई तक मुंबई, पुरी, बांग्लादेश होते हुए सिक्किम तक पहुंच गया था। लेकिन इसके बाद से यह 10 दिन से वहीं अटका हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अब 12 जून से मध्य भारत में मौसमी गतिविधियों में तेजी आ सकती है। इससे मप्र-छग सहित कई राज्यों में प्री-मानसून की अच्छी बारिश के आसार बन रहे हैं।

### एक हफ्ते में कोरोना से 50 मौतें, 3000 केस बढ़े

# गुजरात सरकार ने कहा- हम कोविड से लड़ने को तैयार; कर्नाटक में 2 और मरीजों की मौत



**नई दिल्ली/ मुंबई/बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम ।** स्वास्थ्य विभाग ने 30 मई को देश में 2710 एक्टिव केस और 7 मौतों की जानकारी दी थी। 7 जून को यह संख्या 5755 पर पहुंच गई है, जबकि 59 मरीजों ने जान गंवाई है। कर्नाटक में शनिवार को 2 और मरीजों की मौत हुई है। गुजरात में कोरोना के 183, महाराष्ट्र में 86, कर्नाटक में 57 नए मामले सामने आए। इस तरह एक्टिव केस 6081 और मृतकों की संख्या 61 पहुंच गई है।

इधर, राज्य में तेजी से बढ़ रहे केसों के बीच गुजरात सरकार ने कहा- हम कोविड से लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अस्पतालों में बेड, वेंटिलेटर और ढ्रष्ट बेड की व्यवस्थाएं कर ली हैं। स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने कहा- मौजूदा वैरिएंट ओमिक्रॉन वायरस कोविड परिवार का ही है, लेकिन यह इतना गंभीर नहीं है। हम किसी भी स्थिति को नियंत्रित कर सकते हैं।

### राज्यों से कोरोना अपडेट...

**केरल :** स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले मरीजों का इलाज करते समय जून 2023 में जारी की गई कोविड गाइडलाइन पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में सभी को मास्क लगाना अनिवार्य है। साथ ही जुकाम, खांसी और बुखार जैसे लक्षण वाले मरीजों का कोविड टेस्ट अनिवार्य कर दिया गया है।

**महाराष्ट्र :** राज्य सरकार के मुताबिक राज्य में जनवरी से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 17 है। इनमें से 16 अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। इस साल अब तक 13,707 सैंपल की टेस्टिंग हुई है। इनमें से 1064 कोविड पॉजिटिव आए।

**गुजरात :** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 508 कोरोना मरीजों में से 18 अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि 490 होम आइसोलेशन में इलाज करा रहे हैं। प्रेस रिलीज में कहा गया है कि आमतौर पर 6 या 8 महीनों में कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी देखी जाती है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है।

**कर्नाटक :** गुलबर्गा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ने में 25 बेड का कोविड वार्ड बनाया गया है। इनमें से पांच-पांच बेड ICU (वेंटिलेटर समेत), हाई डिपेंडेंसी यूनिट और पांच प्रेग्नेंट महिलाओं के लिए हैं। बाकी 10 नॉर्मल बेड हैं।

# ब्रेन डेड मरीज से मिला पांच लोगों को जीवनदान, किडनी-कॉर्निया एयरलिफ्ट कर देवदूत बनी वायुसेना

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बंगलूरू में एक ब्रेन डेड मरीज के अंग दान से पांच लोगों को नई जिंदगी मिली। भारतीय वायुसेना ने इस जीवनरक्षक ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शनिवार को वायुसेना ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। वायुसेना के अनुसार, कमांड हॉस्पिटल एयरफोर्स बंगलूरू (सीएचएएफबी) में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

**ब्रेन डेड मरीज बना जीवनदाता :**बता दें कि मरीज को शुक्रवार को ब्रेन डेड घोषित किया गया था। उसके अंगों को देश के अलग-अलग अस्पतालों में ट्रांसप्लांट किया गया। एक किडनी और एक कॉर्निया को वायुसेना के विमान से बंगलूरू से दिल्ली स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) तक पहुंचाया गया। वहीं दूसरी किडनी, कॉर्निया और स्किन को बंगलूरू के ही विक्टोरिया हॉस्पिटल की मदद से सीएचएएफबी में ट्रांसप्लांट किया गया। मरीज का लिवर ग्लेनेगल्स बीजीएस हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक प्रतिरोपित किया गया। गौरतलब है कि इस पूरे ऑपरेशन को कर्नाटक की अंगदान संस्था जीवनसार्थकते और सशस्त्र बलों की मेडिकल टीम ने मिलकर बेहद संयोजित तरीके से अंजाम दिया। वायुसेना ने इसे असाधारण प्रतिबद्धता और चिकित्सा विशेषज्ञता का उदाहरण बताया है।




### भगदड़ मामले में भाजपा का हल्लाबोल

# कहा- सिद्धारमैया और शिवकुमार रियल कल्प्रिट ऑफ बंगलूरू



**बंगलूरू,एजेंसी।** कर्नाटक भाजपा विधायकों और सांसदों ने रविवार को बंगलूरू में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के इस्तीफे की मांग की। विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व विधानसभा और परिषद में विपक्ष के नेता आर. अशोक और चालावाड़ी नारायणसामी ने किया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की और उन्हें इस अनहोनी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। हाथ में तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया।

**रियल क्रिमिनल ऑफ बंगलूरू :**प्रदर्शन के दौरान बोलते हुए अशोक ने मृतकों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने सिद्धारमैया और शिवकुमार को असली अपराधी कहा। उन्होंने कहा, व्यवसायी विजय माल्या ने पहले आरसीबी टीम को बढ़ावा दिया और लॉन्च किया, जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, लेकिन सीएम और डिप्टी सीएम नई आरसीबी हैं- रियल कल्प्रिट ऑफ बंगलूरू (बंगलूरू के असली अपराधी)।

**भाजपा पुलिस के साथ खड़ी :**घटना के सिलसिले में तत्कालीन बंगलूरू पुलिस आयुक्त बी दयानंद सहित पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के लिए सरकार पर निशाना साधते हुए अशोक ने कहा कि भाजपा पुलिस के साथ खड़ी है। उनके लिए लड़ेगी, क्योंकि पुलिस की ओर से कोई गलती नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की ओर से अनुमति न दिए जाने के बावजूद जीत का जश्न मनाया गया। 11 लोगों की मौत सरकार की ओर से प्रायोजित हत्या के अलावा और कुछ नहीं है।

**आप कानून की नजर में आरोपी :**उन्होंने कहा, आपके पास कोई नैतिक अधिकार नहीं है, आप इसे खो चुके हैं। आप कानून की नजर में आरोपी हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आरसीबी के ब्रांड एंबेसडर की तरह व्यवहार कर रहे हैं, मौतों के बावजूद जीत का जश्न मनाया गया। पहली मौत दोपहर 3:15 बजे (4 जून को) हुई, जीत का जश्न कार्यक्रम शाम 4:30-5 बजे शुरू हुआ, तब तक सात से आठ मौतें हो चुकी थीं। फिर डिप्टी सीएम दूसरे जश्न के कार्यक्रम में शामिल होने स्टेडियम गए, जहां शाम 6:30-7 बजे के आसपास एक करोड़ रुपये के पटाखे फोड़े गए।

# सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे एस जयशंकर

### फ्रांस, बेल्जियम और यूरोपीय संघ की करेंगे यात्रा




**नई दिल्ली,एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर सात दिन के विदेश दौरे पर रहेंगे। वे आठ से 14 जून तक बेल्जियम, फ्रांस और यूरोपीय संघ की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री फ्रांस में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। साथ ही बेल्जियम में विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने समकक्ष से बात करने के साथ ही प्रवासी भारतीयों से भी मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत और फ्रांस ने रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। फ्रांस के साथ हमारे संबंध गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। दोनों देश कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर समान दृष्टिकोण साझा करने के अलावा निकटता से सहयोग करते हैं।

विदेश मंत्री फ्रांस के पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे। जहां वे फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वह फ्रांस के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ-साथ थिंक टैंक और मीडिया के साथ भी बात करेंगे। इसके अलावा विदेश मंत्री मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन समारोह में भी भाग लेंगे।

# अरम्बाई टेंगोल नेता की गिरफ्तारी की खबर से इंफाल में तनाव; घाटी में पांच दिन तक इंटरनेट बैन



**इंफाल,एजेंसी।** मणिपुर में एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। शनिवार रात इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में उस वक्त हिंसा भड़क उठी जब खबरें आईं कि मैतेई संगठन अरबाई तेंगगोल के एक नेता को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर और फर्नीचर जलाकर प्रदर्शन किया और नेता की रिहाई की मांग की।

हालात को देखते हुए राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने पांच जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाएं पांच दिन के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है। बता दें कि इन जिलों में इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग शामिल है।

**सोशल मीडिया से भड़काऊ मैसेज पर शिकंजा :**इंटरनेट सेवा बंद की बात पर गृह विभाग के कमिश्नर एन अशोक कुमार की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि कि वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए यह आशंका है कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के माध्यम से भड़काऊ मैसेज, फोटो और वीडियो फैला सकते हैं, जिससे राज्य में हालात और बिगड़ सकते हैं।

इसलिए वीएसएटी, वीपीएन सहित सभी इंटरनेट सेवाएं तत्काल प्रभाव से शनिवार रात 11:45 बजे से पांच दिन के लिए बंद कर दी गई हैं। इसके साथ ही आदेश में यह भी कहा गया है कि अगर कोई इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दो साल पहले रिश्तेदार की हत्या का आरोपी बरी;

# गवाह के मुकर जाने की वजह से कोर्ट ने सुनाया फैसला



**ठाणे,एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 2023 में अपने रिश्तेदार की हत्या के आरोपी 28 वर्षीय व्यक्ति को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। मामले के मुख्य गवाह के मुकर जाने की वजह से कोर्ट ने सुनाया फैसला। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेजों से साफ था कि मौत चाकू के घाव की वजह से हुए अत्यधिक रक्तस्राव की वजह से हुई, लेकिन कोर्ट ने कहा कि यह बिना ठोस गवाह के आरोपी के अपराध को साबित नहीं कर सकता है।

### क्या है मामला

4 मई, 2023 को दर्ज की गई एफआईआर के मुताबिक, डोंबिवली इलाके के खंबलपाड़ा निवासी रमेश वेलस्वामी तेवर ने विवाद के बाद अपनी बहन के पति मरिकानी रामास्वामी तेवर की चाकू से छाती पर वार कर हत्या कर दी। आरोपी को 5 मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया और पूरी सुनवाई के दौरान हिरासत में रखा गया। हालांकि, तीनों मुख्य गवाह मृतक की पत्नी विजयलक्ष्मी और उसके दो भाई सुनवाई के दौरान अपने बयान से मुकर गए।

**कोर्ट ने क्या कहा :**न्यायाधीश इनामदार ने कहा, अभियोजन पक्ष को पर्याप्त, ठोस, विश्वसनीय और भरोसेमंद सबूत पेश करने होंगे। अगर अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोपों को उचित संदेह से परे साबित करने में विफल रहा, तो अभियोजन पक्ष का मामला उसके अपराध को साबित करने में विफल रहेगा।

**इस वजह से कोर्ट ने किया बरी :**विजयलक्ष्मी ने अपने बयान में हमले को देखने या अपने पति और उसके भाई के बीच किसी भी तरह के झगड़े से इनकार किया। उसके दो भाइयों ने भी एफआईआर में बताए गए बयान से इनकार किया। व्यापक जिरह के बावजूद अभियोजन पक्ष कोई भी दोषी साबित करने वाली गवाही हासिल करने में विफल रहा। कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष की ओर से पेश कए गए सबूत अपर्याप्त और अविश्वसनीय हैं।

# फडणवीस बोले- बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना क्यों बनूं

### उद्धव और राज ठाकरे को सुलह करनी हो तो करें; हम बाद में जवाब देंगे



**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को मीडिया में चल रही उन खबरों पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया, जिनमें उद्धव ठाकरे (शिवसेना BT) और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे (मनसे प्रमुख) के बीच सुलह की बात कही जा रही है।

फडणवीस ने कहा, मुझे इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है कि बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना बनूं। ये दो अलग-अलग पार्टियां हैं और दो भाई हैं, अब ये तय करना उनका काम है कि वो क्या करना चाहते हैं। जब वो कोई फैसला लेंगे, तब हम जवाब देंगे।

**दो दिन पहले उद्धव ने दिया था गठबंधन का संकेत :**राज ठाकरे ने 2006 में शिवसेना से अलग होकर मनसे बनाई थी। दो दिन पहले उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के साथ गठबंधन के संकेत दिए। उद्धव ने गठबंधन की अटकलों के बीच कहा था महाराष्ट्र की जनता जो चाहेगी, वही होगा। हालांकि, उद्धव ठाकरे ने इस सवाल को टाल दिया था कि क्या उनकी पार्टी और मनसे के बीच किसी तरह की बातचीत चल रही है।

# कांग्रेस का आरोप- पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही सरकार, यह सैनिकों के साथ आपराधिक विश्वासघात



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मोदी सरकार की आलोचना की। पार्टी ने आरोप लगाया कि आतंकी हमले के बाद सरकार वैश्विक मंच पर पाकिस्तान को अलग-थलग करने में विफल रही है। यह भारतीय सैनिकों और नागरिकों के साथ आपराधिक विश्वासघात है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले के बाद, हमें उम्मीद थी कि सरकार पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई करेगी और उसे वैश्विक मंच पर अलग-थलग करेगी, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्रवाई के बजाय, चीन ने पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के जेट और मिसाइलों से लैस कर दिया। साथ ही विश्व बैंक और एडीबी ने भी पड़ोसी देश को अधिक सहायता देकर मजबूत किया।

**UNSC ने पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति का उपाध्यक्ष बनाया :**कांग्रेस नेता ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) ने पहलगाम हमले के कुछ दिनों बाद ही पाकिस्तान को आतंकवाद विरोधी समिति का उपाध्यक्ष भी नामित कर दिया। उन्होंने कहा, चीन पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के 40 स्टील्थ जे-35ए लड़ाकू विमानों से लैस कर रहा है, जो अत्याधुनिक पीएल-17 मिसाइलों से लैस हैं। अजरबैजान 40 पाकिस्तानी जेएफ-17 लड़ाकू विमानों की खरीद में 2 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है।

**खेड़ा का दावा- एशियाई कूटनीति में बढ़ा पाकिस्तान का प्रभाव :**पवन खेड़ा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व बैंक ने पाकिस्तान के विकास के लिए 40 बिलियन डॉलर देने का वादा किया है। आईएमएफ ने 1 बिलियन डॉलर की बेलआउट राशि मंजूर की है। वहीं, रूस ने भी कराची में एक स्टील प्लांट के पुनर्निर्माण के लिए 2.6 बिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने दावा किया कि कुवैत और यूएई ने वीजा नियमों में ढील दी है और 10 बिलियन डॉलर के निवेश सौदे की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चीन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता संगठन में शामिल हो गया है, जिससे एशियाई कूटनीति में उसका प्रभाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कूटनीतिक विफलता नहीं है, बल्कि यह हमारे सैनिकों और नागरिकों के साथ आपराधिक विश्वासघात है।

**विदेश नीति को लेकर रेणुका चौधरी ने भी उठाए सवाल :**कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी ने भी विदेश नीति को लेकर कई सवाल उठाए। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि IMF ने 9 मई को पाकिस्तान को 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद की। ऑपरेशन सिंदूर के बाद, विश्व बैंक ने भी पाकिस्तान को 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने का फैसला किया। इसके अलावा, एशिनय डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने 3 जून को 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद की, जबकि एक जून को प्रधानमंत्री मोदी ने एडीबी अध्यक्ष से मुलाकात की थी। उन्होंने पूछा, क्या हम अपनी विदेश नीति में विफल हो गए हैं ।

# डेरनी बाजार में बेकाबू ट्रक ने दर्जी को रौंदा, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** दिघवारा-भेलदी मुख्य मार्ग पर स्थित डेरनी बाजार में रविवार को एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे बैठकर कपड़ा सिल रहे एक टेलर को कुचल दिया। हादसे में टेलर मास्टर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने घायल को दरियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित ग्रामीणों व दुकानदारों ने सड़क पर ट्रक को रोककर जाम लगा दिया। टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस रास्ते से प्रतिदिन भारी संख्या में ट्रक गुजरते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। घायल टेलर की पहचान फुरसतपुर निवासी मंचन मियां के रूप में हुई है। वे डेरनी बाजार स्थित अपनी दुकान पर सिलाई का कार्य कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक दुकान से सटते हुए निकल गया और उन्हें कुचल दिया। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके के व्यवसायी और ग्रामीण एकत्र हो गए।विनोद शर्मा, त्रिलोकी साह, किशन गुप्ता, रविकांत, राजा, पवन कुमार सहित कई स्थानीय दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि तत्काल ट्रकों के परिचालन पर रोक नहीं लगाई गई, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।ग्रामीणों ने प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जाम की वजह से आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल- स्थानीय लोगों का कहना है कि डेरनी बाजार की सड़कों की हालत बेहद खराब है और बाजार के बीच से ट्रकों का लगातार गुजरना खतरे से खाली नहीं है। फिर भी प्रशासन ने इस रूट पर ट्रकों का संचालन बंद नहीं किया है। लोगों ने भारी वाहनों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाने की मांग के साथ सड़क का चौड़ीकरण एवं ट्रक संचालन के लिए वैकल्पिक मार्ग दिए जाने की मांग की हैं।

## मारपीट की घटना में मां- बेटी सहित तीन लोग जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के ओल्हनपुर में आपसी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में मां- बेटी सहित तीन लोग जख्मी हो ग ए। घटना को लेकर ओल्हनपुर निवासी जलालुद्दीन साह की 32 वर्षीय पत्नी जशबुन निशा ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उसी गांव के आलमताज साह, तौहीद साह,, परवेज साह, तौकीर साह, साजिया खातून, सूबी खातून को आरोपित किया है। प्राथमिक्की में कहा है कि सभी उसके दरवाजे पर आकर गाली देने लगे। मना करने पर सभी ने मारपीट शुरू कर दी। हल्ला सुनकर जब उसका पुत्र सलाउद्दीन साह और भतीजी फरहीन खातून बीच बचाव करने पहुंची तो सभी ने उन्हें भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान तौहीद साह ने उसके बेटे के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया। जिससे उसका सिर फट गया और तेजी से खून निकलने लगा। बाद में आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया तो उनकी जान बची।

## युवक को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के सय राहीमपुर में एक युवक को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना में जख्मी अजय कुमार राम का पुत्र निशांत कुमार ने एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में इस गांव के युगुल किशोर राम, सूरज कुमार राम, नीतीश कुमार और युगुल किशोर राम की पत्नी को आरोपित किया है। प्राथमिक में कहा है कि वह घर से देर संध्या शौच जा रहा था तभी सभी आरोपी मिलकर अचानक उसपर लोहे के रड और तलवार से हमला कर दिए। लोहे के रड की चोट से उसका पैर टूट गया जिससे बह गिर गया।?फिर सभी ने जान मारने की नीयत से रड से उसके सिर पर हमला किया जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसके चिल्लाने पर गांव के लोग पहुंचे तब उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## मारपीट की घटना में सास-बहू जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर असोइयां में आपसी विवाद को लेकर हुई एक मारपीट की घटना में सासङ्कबहू जख्मी हो गई। घटना को लेकर मिर्जापुर असोइयां निवासी अशोक राय की पत्नी मंजू देवी ने एक प्राथमिक की दर्ज कराई है। प्राथमिकी में उसी गांव की रंजन देवी उर्फ बबीता देवी, धर्मेंद्र राय, लक्ष्मी देवी, राजा कुमार, रजनीश कुमार, प्रियात्मा कुमारी को आरोपित किया है। प्राथमिकी में कहा है कि सभी एक साथ पहुंचे और गाली गलौज करते हुए उसे धक्का देकर जमीन पर गिरा दिए। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसका बाल पकड़ कर खींचने लगे। उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिए और बुरी तरह से मारपीट किए। जब उसकी बहू बचाने पहुंची तो आरोपियों ने मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया। इस दौरान आरोपियों ने उनके शरीर से गहने भी छीन ली ।

## नहीं रहीं पूर्व प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह - शोक व्याप्त

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** गौरा थाना क्षेत्र के मोथहां गांव निवासी तथा मढ़ौरा प्रखंड की पूर्व प्रखंड प्रमुख 60 वर्षीया भागवत कथा वाचिका प्रोफेसर निर्मला सिंह का असामयिक निधन आइजीआइएमएस पटना में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंची कि लोगों में शोक व्याप्त हो गया। वे सन 2001 में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की मढ़ौरा प्रखंड की प्रथम महिला प्रखंड प्रमुख बनी थीं।वहीं वर्तमान में देवराहवा बाबा डिग्री कॉलज कदना में हिंदी विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थीं ।साथ ही वह एक कुशल भागवत कथा वाचिका भी थीं ।जो देश के विभिन्न प्रांतो में प्रवचन करने जाती थीं। बिहार विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के उप मुख्य सचेतक विधायक जनक सिंह, उनके आप्त सचिव सह निर्मला सिंह के जावत मृत्युंजय कुमार सिंह, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय, सारण विकास मंच के संयोजक वरीय नेता शैलेंद्र प्रताप सिंह,युवराज सुधीर सिंह, जिला पार्षद आनंद कुमार राय, पूर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि अभय सिंह, मुखिया अमरेंद्र सिंह, पूर्व मुखिया जुली कुमारी, सुधांशु शेखर, भोला सिंह, जितेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह धीरू, चन्नू सिंह, राजेश सिंह, व्यास तिवारी, भीखम सिंह व अन्य ने अपनी गहरी शोक सवेदना व्यक्त करते हुए स्वजनों का ढ़ाढस बंधाया है।

## सलीम परवेज को बिहार मदरसा बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** बिहार विधान परिषद के पूर्व उप सभापति सलीम परवेज को बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद पर दोबारा नियुक्त किए जाने पर लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। मनोज कुमार गुप्ता,सुभाष चन्द राय, अजीत कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार पाल,बीरबल राय,जयप्रकाश प्रसाद,उमेश राय आदि ने सलीम परवेज को बधाई देते हुए प्रसन्नता ब्यक्त की है साथ ही कहा है कि सलीम परवेज को दूसरी बार बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर सीएम नीतीश कुमार ने नेतृत्व करने जो अवसर दिया है, वह काबिले तारीफ हैं।

## कोचिंग जा रही छात्रा के साथ मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**परसा (सारण)।** कोचिंग करने जा रही छात्रा के साथ कुछ लड़कों द्वारा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है । घटना मारर बथानी गांव से जुड़ा है। घटना को लेकर पीड़ित छात्रा की मां मारर खेमडीह निवासी उपेंद्र राय की पत्नी अनीता देवी ने परसा थाने में लिखित आवेदन देकर करवाई कि गुहार लगाई है । पीड़िता ने कहा है कि मेरी लड़की कोचिंग करने जा रही थी, तभी रास्ते में दो बाइक सवार मारर निवासी रमेश राम के पुत्र राहुल कुमार व मनीष कुमार ने रास्ते में घेर कर अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट भी किया।जिसकी सूचना दूरभाष पर मिली तो घरवाले दौरे पहुंचे और थाने पहुंच शिकायत दर्ज करा करवाई कि गुहार लगाई हैं।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले को लेकर कांड संख्या 176/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर करवाई की जा रही हैं।

## सबलपुर बभन टोली में होने वाले विष्णु यज्ञ सह भागवत कथा को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के सबलपुर बभन टोली में 8 नवंबर से लेकर 16 नवंबर तक विष्णु यज्ञ सह भागवत कथा कार्यक्रम को लेकर व्हाइट हाउस सबलपुर में ग्रामीणों के साथ बैठक रविवार को किया गया। इस बैठक के संचालक पवन शर्मा ने किया जबकि कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए शंभू प्रसाद शर्मा ने उपस्थित लोगों को बताया कि नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ सह भागवत कथा 8 नवंबर से 16 नवंबर तक चलेगी जबकि 17 नवंबर को यज्ञ के समापन एवं महाभंडारा कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ में 8 नवंबर को सुबह कलश यात्रा निकाली जायेगी।जिसमें हरिद्वार के महामंडलेश्वर श्री कपिल मुनि जी महाराज के नेतृत्व में महा विष्णु यज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सबलपुर के चारो पंचायत के साथ अन्य पंचायत में लोगों से मिलकर इस यज्ञ को सफल बनाने में सहयोग करने एवं प्रचार प्रसार करने के लेकर चर्चा किया गया। यज्ञ को लेकर तैयारी करने एवं जिन-जिन लोगों को पद के अनुसार कार्य सौंपे जाएंगे वह अपने कार्यों को पूरी तत्परता के साथ कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन ललन शर्मा ने किया। बैठक में मौजूद रहे शम्भुनाथ,ललन कुमार सिंह, वीरेंद्र शर्मा,सुखिया शर्मा, अरनेश कुमार ,मुकेश पंडित,राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, नीकु शर्मा, डॉ बनारसी, संजय राय एल,अविनाश कुमार,प्रेमनाथ शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्वर्ण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष का तरैया में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** बिहार सरकार के स्वर्ण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का पटना से सिवान जाने के क्रम में तरैया में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान तरैया के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाज सेवी ओम प्रकाश सिंह के आवास पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र व फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मुझे बिहार प्रदेश स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, मैं पूरे बिहार प्रदेश का दौरा कर स्वर्ण सामुदाय के लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुनकर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा और उनका अधिकार दिलाने का काम करूंगा। स्वागत के मौके पर प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी ओम प्रकाश सिंह, श्रीकांत सिंह, रामचन्द्र तिवारी, नीलकमल सिंह, डॉ रंजय कुमार सिंह, भाजपा नेता विजय प्रकाश सिंह, राजू सिंह, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मंदिर का मार्ग को किया जाएगा चौड़ा- एसडीओ



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** जिला के प्रसिद्ध मंदिर में शामिल शिल्हौड़ी शिलनिधि मंदिर का संक्रीर्ण पहुंच पथ एक बड़ी समस्या रही है। मार्ग की संक्रीर्णता और अतिक्रमण से महत्वपूर्ण दिनों पर यहां पहुंचने वालें श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग का चौड़ीकरण कर मार्ग को सुविधाजनक बनाने की बात एसडीएम निधि राज ने कही है। एसडीएम मढ़ौरा में पदस्थापना के बाद रविवार की संध्या पहली बार शिल्हौड़ी शिव मंदिर पहुंची थी। मंदिर प्रबंध कमेटी की पदेन अध्यक्ष एसडीएम ने मंदिर पहुंच करभगवान भोलेनाथ की पूजा की और मंदिर कमेटी के सदस्यों से मिल कर मंदिर की जानकारी प्राप्त की। एसडीएम ने कहा कि मुख्य सड़क से मंदिर तक पहुंचने के मार्ग की संकीर्णता को उन्होनों पहली बार मंदिर पहुंचने के साथ ही महसूस किया है। यहां आने वाले श्रद्धालु भक्तों की सुविधा के लिए इसे चौड़ा किया जाना जरूरी है। कमेटी के सदस्यों के साथ बातचित में एसडीएम ने मंदिर के विकास और मंदिर पर सुविधा को बढ़ाने की दिशा में सभी जरूरी काम करने की बात कही। स्पष्ट तौर पर कहा की इससे सम्बंधित सभी योजनाओं को पूरा किया जाएगा। यह कोशिश की जाएगी की यहां श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं उठानी पड़े। बता दे कि इस वर्ष 7 मार्च को निरीक्षण में पहुंचे डीएम अमन समीर ने मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग की जानकारी ली थी। अंचल अमीन से मार्ग की चौड़ाई 20 फीट होने की जानकारी पर डीएम ने तत्कालीन एसडीएम को मापी कराकर दोनों तरफ पिलर और सिकड़ से सीमांकन कराने का निर्देश दिया था।

## स्वर्ण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री का मशरक में हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार सरकार के स्वर्ण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह का पटना से सिवान जाने के क्रम में जिले के दरियापुर, परसा, अमनौर, तरैया, मशरक में स्वागत किया गया। इस दौरान मशरक बस स्टैंड अवस्थित हनुमान मंदिर के समीप एवं मशरक मलमलिया रोड़ स्थित पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह के गोपालवाड़ी गांव में आवासीय परिसर में प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र एवं फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं देश के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि मुझे बिहार प्रदेश स्वर्ण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है, मैं पूरे बिहार प्रदेश का दौरा कर स्वर्ण सामुदाय के लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुना कर बिहार सरकार के मुख्यमंत्री के समक्ष रखूंगा और उनका अधिकार दिलाने का काम करूंगा। स्वागत के समय मौके पर पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह, महेश्वर सिंह, भाजपा नेता गौतम ओझा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, पप्पू सिंह, फुलेंद्र सिंह, साहेब सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन का स्थापना दिवस मनाया गया



**दैनिक खोज खबर/पटना।** दानापुर में वीरांगना सम्मान सामाजिक फाउंडेशन का स्थापना दिवस दानापुर क्लब में मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के सभापति अवधेश नारयण सिंह, बिहार सरकार पर्यटन मंत्री राजू सिंह, आईजीआईएमएस न्यूरो विभाग एचओडी डॉ समरेंद्र प्रताप सिंह, फाउंडेशन अध्यक्ष निशा सिंह, भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह और संकल्प नारायण सिंह ने कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन शामिल हुए।इस अवसर पर अनामिका सिंह, निशा सिंह, अनुपमा सिंह, मनोरमा सिंह, सुषमा सिंह, संगीता सिंह, डॉ कामिनी सिंह सहित अनेक लोग वीरांगना सम्मान के पहला साल स्थापना दिवस कार्यक्रम को मनाया, जिसमें के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## मशरक में अलग-अलग गांवों में मारपीट में आधा दर्जन घायल, दो रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के अलग-अलग गांवों में मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों का सीएचसी मशरक में इलाज चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने किया। पहले मामले में मशरक के अरना बारोपुर गांव में ताड़ी पीकर गाली ग्लौज करने के विरोध में जमकर मारपीट में अरना बारोपुर गांव निवासी कमलदेव राम उर्फ टिकर राम, आशु कुमार और दूसरे पक्ष से रमेश राम और उनकी पत्नी मराछी देवी? घायल हो गए। उपचार कर दो को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहीं दूसरे घटना में मशरक सीएचसी में रविवार को बस दुर्घटना से घायल को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायल पानापुर थाना क्षेत्र के चकिया चिंतामन पुर गांव निवासी बिंदेश्वरी पांडेय का 65 वर्षीय पुत्र गुरू चरण पांडेय हैं। घटना के बारे में बताया गया कि वे रिश्तेदारी में भगीनी की शादी में गोपालगंज के बरहिमा मोड़ गये थें। वहीं से वापस लौटने के दौरान बस दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें वे घायल हो गए। इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौली में भर्ती कराया गया जहां से उपचार के बाद गंभीर हालत में परिजनों के द्वारा सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया।

## अंग्रेजी शराब बरामद, एक टेंपो जप्त, मामले में एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नायगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के जैके ईट भट्ठा के पास अंग्रेजी शराब, टेंपो को जप्त करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया । उक्त बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने रविवार को बताया कि टेंपो पर लाद कर अंग्रेजी शराब लेकर बिक्री के लिए ले जा रहा था। इसी बीच पुलिस के देखते ही भागने की कोशिश किया। पुलिस ने टेम्पू को पकड़ लिया और टेम्पू में रखे अंग्रेजी शराब को जप्त कर लिया। मौके पर टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि शराब कारोबारी दो भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने यह भी बताया कि टेंपो के सीट के नीचे कुल 423 पीस अंग्रेजी शराब जो डार्क ब्लू 186 पीस जबकि अफसर चॉइस फरूटी 237 पीस सभी शराब के वजन 180 एमएल के था। अंग्रेजी शराब कुल वजन 76.14 लीटर जप्त किया गया है. सभी अंग्रेजी शराब यूपी के निर्माण किया हुआ था। मौके पर टेंपो चालक जो पहलेजाघाट के गोपाल महतो के पुत्र गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। शराब कारोबारी जो भाग गया है उसे चिन्हित कर लिया गया है।




# भाजपा का संकल्प है, जो कहेंगे सो करेंगे- सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** भाजपा का संकल्प है जो कहेंगे सो करेंगे, उक्त बातें महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने हरपुर शिवालय में रविवार को दोपहर बाद भाजपा द्वारा आयोजित विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम के कार्यशाला में पार्टी कार्यकर्ताओं व मंडल पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि 2014 से अब तक भाजपा के नेतृत्व में देश ने चहुंमूखी विकास किया है। उन्होंने पीएम जन धन योजना की चर्चा करते हुए कहा कि बैंको मे खाता खुल जाने से करोड़ों लोगों को इससे फायदा मिल रहा है। पहले बिचौलिए पैसा खा जाते थे।जन धन योजना से अमेरिकी राष्ट्रपति भी प्रभावित थे।बिहार की धरती से ही किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त को प्रधानमंत्री ने जारी किया है। इससे करोड़ो किसानों के खातों में पैसा पहुंच गया । यह पीएम जन धन योजना के कारण संभव हुआ है।बिजली की चर्चा करते हुए कहा कि 2014 के पहले चार करोड़ घरों में बिजली नहीं थी। एक समय सीमा निश्चित करते हुए तय समय सीमा के अंदर ही पूरे देश में बिजली पहुंचाने का काम किया है। पहले एलईडी बल्ब ?300 में बिकता था जिसे डाकघर के माध्यम से लोगों को 60 से ?70 में उपलब्ध कराया गया। बिजली के केबल तार जो बड़े शहरों में भी उपलब्ध नहीं हुआ करते थे आज गांव-गांव में केबल तार पहुंचाया गया है। एकमा के पावर ग्रिड के ट्रांसफार्मर का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों ने 2014 में मुझसे 10 एम वी ए का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग थी ताकि लो वोल्टेज का शिकार यहां के लोग ना हो। आज वहां 100 एम वी ए का ट्रांसफार्मर पावर ग्रिड में लग गया है। यह है 11 साल बेमिसाल का कार्य।उज्ज्वला योजना की चर्चा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से लोगों के घर-घर गैस कनेक्शन उपलब्ध हुआ है।रोड की चर्चा करते हुए कहा कि महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र और सारण जिले में कहीं से भी शहर मुख्यालय में 1 घंटे में पहुंचा जा सकता है।पहले दो से तीन घंटे लगते थे। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का पहला देश है जहां गरीबों को फ्री में अनाज दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में एन डी ए सरकार ने फ्री में वैक्सीन देकर लोगों का जीवन बचाने का काम किया है। पहले संक्रामक रोग फैलने पर बरसों बाद दूसरे देशों से वैक्सीन आता था तब लगाया जाता था।कोरोना में स्वदेशी वैक्सीन बनाकर हमने सभी को फ्री में देने का काम किया ही सौ से अधिक देशों को उपलब्ध भी कराया। पहले के कानून व्यवस्था के बारे में कहा कि यहां की कानून व्यवस्था बहुत खराब थी। असामाजिक तत्व गाडियो मे दोनों तरफ खुलेआम राइफल नाल निकाल करके चलते थे। आज बने कडे कानून से आर्म्स का प्रदर्शन करने का चलन समाप्त हो गया है।पंचायती राज व्यवस्था का भी जिक्र किया जिसमें 16 साल बाद बिहार में पंचायत का चुनाव हुआ और बिहार सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें अधिकार दिया।पहले चुनाव में खून खराबा होता था लेकिन बिहार सरकार ने सैफ की बहाली करके चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराया। उन्होंने मंडल पदाधिकारियों से कहा कि सभी बातों को आप सभी लोगों के बीच में पहुंचाएं। इन कार्यो से पूर्व के सरकारों की तुलनाकर बताएं कि पहले की सरकारों को मौका मिला तो उन्होंने केवल देश को लूटने का काम किया है। ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए देश को गौरवान्वित करने वाली भारतीय सेना के वीरता और शौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा सेना के पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा,पाकिस्तान तो थर्रा गया । दुनिया के सबसे उंचे रेल पुल चिनाव रेल पुल का भी जिक्र किया। जो कभी अंग्रेजों का सपना हुआ करता था। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने ऐतिहासिक कार्य करते हुए चिनाव नदी पर दुनिया का सबसे उंचा पुल बनाकर कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश को जोड़ने का काम किया है। कार्यक्रम में बोलते हुए भारतीय जनता पार्टी के राज्य परिषद के सदस्य हेमनारायण सिंह ने कहा कि देश पी एम मोदी के नेतृत्व मे इन ग्यारह सालो मे विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। बोलते हुए तरैया के भाजपा विधायक जनक सिंह ने मंडल पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि लोगो के हर दिल में कमल खिलाने की आवश्यकता है। अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने कहा कि 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी आज चौथे स्थान पर, यह है 11 साल बेमिसाल का कार्य। उन्होने कहा कि 15 से 20 जून तक सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संचालन भाजपा जिला मंत्री उमेश तिवारी ने किया। मौके पर जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव, युवा नेता प्रमोद सिग्रीवाल,महामंत्री गुड्डू चौधरी,चैत्येन्द्र नाथ सिंह,, त्रिभुवन तिवारी,संजय सहाय, गायत्री देवी,सोनू सिंह, बीरबल कुशवाहा,आनंद शंकर,अमरजीत सिंह, धर्मेंद्र समाज,मंकेश्वर सिंह, धीरज सिंह प्रकाश चंद्र मिश्र,जयकिशोर सिंह, शंकर दयाल महतो, योगेश तिवारी,मंडल अध्यक्ष जलालपुर कुश पांडेय सहित दर्जनों अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।




## मशरक में हत्या मामले में फरार चल रहे अभियुक्तो के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के धरमासती गंडामण में पीलर निकालने में हुए विवाद में मारपीट में हत्याकांड में फरार चल रहे अभियुक्तों के पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि धरमासती गंडामण गांव में दर्ज कांड संख्या 144/25 में नामजद आधा दर्जन अभियुक्त फरार चल रहे हैं उसी में दारोगा पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल की टीम फरार अभियुक्तों के घर पहुंची और इश्तेहार चिपकाया और जानकारी दी गई कि इसके बाद भी यदि सभी समर्पण नहीं करते हैं तों न्यायालय के आदेशानुसार कुर्की की कारवाई की जाएंगी। बता दें कि संजय कुमार के द्वारा चारदीवारी निर्माण के दौरान उनसे मारपीट की गयी जिसमें घायल शत्रुघ्न राय की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसमें फरार चल रहे आधा दर्जन अभियुक्तों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया गया।

## जमीन विवाद में खूनी झड़प - युवक को मारी चाकू, पीएमसीएच रेफर, आरोपी फरार

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर ।** डेरनी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रविवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी झड़प हो गई। झगड़े के दौरान एक युवक को चाकू मार दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक, रामपुर गांव निवासी कमला राय और पिरारी गांव निवासी पंकज कुमार के बीच जमीन का विवाद पहले से न्यायालय में लंबित है। इसके बावजूद शनिवार को कमला राय ने विवादित जमीन को जोत दिया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को जमीन पर जाने से मना किया था, बावजूद इसके रविवार सुबह पंकज कुमार खेत पर पहुंच गए।

विवाद इतना बढ़ा कि कहासुनी के बाद पंकज ने कमला राय के बेटे पप्पू कुमार को चाकू मार दी। घायल अवस्था में पप्पू को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।घटना के बाद आरोपी पंकज कुमार फरार हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है और दोनों पक्षों पर नजर रखे हुए है।

## डॉ राजीव रंजन ने दर्जनों मरीजों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच की

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी प्रखंड के गोबरहीं स्थित शिव शक्ति धाम मन्दिर परिसर में आयोजित मेडिकल कैम्प में छपरा के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव रंजन ने दर्जनों मरीजों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की। मौके पर मौजूद मरीजों के बीच मुफ्त दवा आदि भी वितरित की गई। इससे पहले मन्दिर परिसर में मेडिकल कैम्प लगाए जाने की सूचना पाकर आसपास के गाँवों के दर्जनों मरीज मन्दिर परिसर में पहुँच गए थे। मेडिकल कैम्प के आयोजक एवम सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह ने बताया कि अब प्रत्येक रविवार को मन्दिर परिसर में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाएगा ताकि सुदूर देहात के गरीब मरीजों को छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों द्वारा सहज ढंग से एवम निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मेडिकल कैम्प में सोनू सिंह कौशिक,अरुण कुमार सिंह,गजेन्द्र सिंह,शेष नाथ गिरी,भूषण प्रसाद,देव लाल प्रसाद,शिवनाथ यादव तथा योगेन्द्र प्रसाद सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

## आपसी विवाद में हुई मारपीट में तीन घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** थाना क्षेत्र के तेलियां गांव में रविवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार नबीगंज अस्पताल में चल रहा है। घायलों में देवनाथ साह के पुत्र मुन्ना साह, उनकी पत्नी रागिनी देवी और दिलीप साह के पुत्र विकेश कुमार शामिल हैं। इस घटना को ले पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## महिला की हत्या के मामले में पति सहित छह के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान) ।** थाना क्षेत्र के डेहरी में शुक्रवार को एक विवाहिता की गला दबाकर कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में विवाहिता के पिता बसंतपुर थाना क्षेत्र के सिपार निवासी कृष्णा महतो ने थाना में आवेदन देकर अपने दामाद सहित अन्य लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। वहीं पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पति पप्पू महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है।

बताया जाता है कि कृष्णा महतो ने बताया कि उनकी पुत्री प्रीति कुमारी बच्चे की मां बनने वाली थी। उसे दहेज में बाइक और तीन लाख रुपया के लिए प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी नहीं होने पर पति सहित ससुराल के अन्य सदस्यों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में मृतका के पति पप्पू महतो, भैसुर धीरज कुमार, देवर रोहित कुमार, मोहित कुमार, ननद शिल्पी कुमारी और सास रामरती देवी को आरोपित किया है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी में कर रही है। वहीं घटना के बाद फारेंसिक जांच टीम भी मृतका के घर पहुंच जांच की एवं कई स्थानों से साक्ष्य इकट्ठा कर साथ के गई। वहीं इस घटना की जांच एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने भी घटनास्थल पर किए।

## महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं को दी गई सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी

**सिवान ।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में रविवार को जीविका द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई तथा इसका लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। वहीं बीपीएम अशोक कुमार ने कहा कि जीविका से जुड़कर महिलाएं साहूकारों से मुक्ति पा रही है। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर प्रखंड के मुरारपट्टी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में बीपीएम अशोक कुमार के नेतृत्व में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला सशक्तीकरण के लिए बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री कन्या, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल, महिला उद्यमी , सिविल सेवा प्रोत्साहन, स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड, मेधावृत्ति योजना, किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, खेलजगत में बिहार से बाहर छात्र एवं छात्राएं को प्रशिक्षण के लिए भेजना आदि की जानकारी दी गई। बीपीएम ने बताया कि नारी शक्ति योजना, महिला हेल्फ लाइन, कन्या विवाह योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक किया गया है। इस मौके पर सुमन देवी, चंद्रावती देवी, अनीता देवी, संतोषी देवी, प्रियंका सिंह, कंचन कुमारी, रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी, सरिता देवी, सुभाष राम, गुड़िया देवी, पुष्पा देवी, रिंकी देवी आदि उपस्थित थी। वहीं दारौंदा प्रखंड के कौथुआ सारंगपुर में उजाला जीविका महिला ग्राम संगठन एवं पायल जीविका महिला ग्राम संगठन, बालबंगरा गांव में गुड़िया जीविका महिला ग्राम संगठन तथा रूकुंदीपुर पंचायत के कटवार में मोती जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीडियो फिल्म के माध्यम से सरकार की सभी प्रकार की योजना, परियोजना को दिखाया गया। बीपीएम अमित प्रीतम ने कहा कि महिला सशक्तीकरण में जीविका की अहम भूमिका है, ग्रामीण महिलाएं जीविका से जुड़ कर विभिन्न प्रकार का रोजगार कर रही हैं तथा अपना जीविकोपार्जन करने के साथ- साथ अपनी एक पहचान भी बना रही हैं। कार्यक्रम में जीविका से उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिलाओं ने अपनी कहानी अपनी जुबानी साझा की। वहीं जीविका प्रखंड कार्यालय से क्षेत्रीय समन्वयक किशोर कुमार ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर राकेश कुमार, रिंकू कुमारी, पवन कुमार, रीता कुमारी, श्रीकांति देवी, प्रमिला देवी, आरती देवी, अमर कुमार, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।

## बाबा साड़ी टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में शनिवार की मध्य रात्रि शॉर्ट सर्किट से आग लग गई

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी नगर पंचायत के कंचनपुर मुहल्ले में स्थित बाबा साड़ी टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में शनिवार की मध्य रात्रि शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आगलगी में लाखों रुपये के कपड़े सहित अन्य सामान जलकर बर्बाद हो गए। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। हालाँकि तब तक सब कुछ जलकर बर्बाद हो चुका था। फैक्ट्री की संचालिका बबीता देवी ने बताया कि सभी लोग सो रहे थे। किसी के शोर मचाने पर लोग जुटे तब तक पूरी फैक्ट्री में आग फैल चुकी थी और कपड़े धु धु कर जल रहे थे। संचालिका ने बताया कि फैक्ट्री में प्लाजो,पेटिकोट,लेगिंज तथा नाइटी आदि बड़े पैमाने पर तैयार किया जाता है। संचालिका ने बताया कि आगलगी में लगभग पाँच लाख रुपये की सामग्री जलकर बर्बाद हो गई।

## कई ट्रेनों का किया गया मार्ग परिवर्तन, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व में अधिसूचित गाड़ियों के मार्ग परिवर्तन में संशोधन किया गया है। इसे यात्रियों को काफी परेशानी का सामान करने पड़ेगा। वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मार्ग परिवर्तन में छपरा से दो एवं चार जुलाई को चलने वाली 15109 छपरा-मथुरा जं. एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग छपरा-भटनी-गोरखपुर-गोंडा-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ-वाराणसी जं.-बनारस-प्रयागराज जं.-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मसकनवा, मनकापुर, गोंडा, बाराबंकी, बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। अमृतसर से 30 जून एवं तीन जुलाई को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस संशोधित तिथि 29 जून एवं तीन जुलाई को निर्धारित मार्ग बाराबंकी-गोंडा-गोरखपुर-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज -मऊ-इन्दारा-फेफना-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप यह गाड़ी गोंडा, मनकापुर, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, भाटपार रानी, मैरवा एवं सिवान स्टेशनों पर नहीं रूकेगी। जयनगर से एक एवं तीन जुलाई को चलने वाली 14673 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस संशोधित तिथि 30 जून एवं दो जुलाई को निर्धारित मार्ग छपरा-गोरखपुर-गोंडा-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-फेफना-इन्दारा-मऊ-शाहगंज-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलाई जाएगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह गाड़ी सिवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, मनकापुर एवं गोंडा स्टेशनों पर नहीं रूकेगी।---टेलीफोन एक्सचेंज से केबल चोरी कर कबाड़ में बेचने के दौरान एक गिरफ्तार

सिवानः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर स्थित बीएसएनएल के टेलीफोन एक्सचेंज से केबल चोरी कर कबाड़ में बेचने के दौरान एक निजी कर्मी को पदाधिकारी ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। इस मामले में उप मंडल अभियंता मनोज कुमार प्रसाद ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि वो टेलीफोन एक्सचेंज श्रीनगर में गए थे, जहां ज्ञात हुआ कि एक निजी कर्मी मनोज पंडित ने एक्सचेंज के एमडीएफ रूम से पीसीएम केबल काट कर चोरी की है। चोरी के बाद केबल को बोरा में भरकर पचलखी के रास्ते होते हुए एक गांव में कबाड़ की दुकान पर बेच रहा था, तब तक मैंने उसे मौके से पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में उसने बताया कि आफिस के पदाधिकारी के कहने पर केबल बेचने आया हूं। वहीं इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बताया कि मामले में अभी जांच चल रही है, आवेदन मिला है।

## शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक तिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

**सिवान।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक तिथि के अवसर पर रविवार को शहर के पंच मंदिर तरुण व्यवसाय शाखा के तत्वावधान में वीरता, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान एवं ध्वज वंदन से हुई। जिसके पश्चात शाखा के विभिन्न शारीरिक प्रदर्शन एवं बौद्धिक सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें शिवाजी महाराज के जीवन, उनके अद्भुत शौर्य, रणनीतिक कौशल एवं धर्म-संरक्षण के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। आरएसएस के जिला संचालक डा. विनय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय इतिहास के वह सूर्य हैं जिनकी किरणें आज भी हमें प्रेरणा देती हैं। उनका राज्याभिषेक केवल एक राजा का ताज पहनना नहीं था, बल्कि यह भारतीय आत्मगौरव की पुनः स्थापना का क्षण था। उन्होंने न केवल विदेशी आक्रांताओं का डटकर सामना किया, बल्कि एक आदर्श हिंदवी स्वराज की नींव रखी। विभाग कार्यवाह प्रभात रंजन ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने यह दिखाया कि किसी भी राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी सेना या संसाधनों में नहीं होती, बल्कि उस राष्ट्र की संस्कृति, उसके मूल्यों और उसके नागरिकों की निष्ठा में होती है। वहीं मनोज कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संदेश देते हुए कहा कि शिवाजी महाराज के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। मौके पर जिला सह जिला कार्यवाह विनोद कुमार, नगर संचालक अशोक अग्रवाल, अनीश अग्रवाल, मनीष सोनी, संतोष प्रसाद, रवि, बामदेव वर्मा आदि मौजूद रहे।

## दहा नदी पुल के नीचे से युवक का शव बरामद

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के दहा नदी पुल के नीचे से पुलिस ने रविवार को एक युवक का शव बरामद किया। पुलिस ने मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। शव मिलने से लोगों के बीच हड़कंप मच गया। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो सकी।पुलिस शव की पहचान करने में जुटी हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि रविवार की दोपहर कोई व्यक्ति दहा नदी पुल के नीचे गया हुआ था। जहां उसने एक युवक का शव देखा। जिसके बाद उसने इसकी जानकारी आसपास लोगो को दी। इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। जहां सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मामले में नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार ने बताया कि युवक का शव बरामद किया गया हैं। जिसके शरीर पर जख्म का निशान भी हैं। बताया कि मृतक का उम्र 30 वर्ष के करीब हैं। शव की पहचान नही हो सकी हैं।

## कार्रवाई से हड़कंप - थानाध्यक्ष व एएलटीएफ प्रभारी के विरुद्ध नौतन थाना में हुई प्राथमिकी

**परवेज अख्तर/सीवान।** शराब की खेप को पास करने से संबंधित एक आडियो इंटरनेट मीडिया में खूब प्रसारित हुआ था। आडियो में शराब की खेप को बीस हजार में पास कराने की बात कही जा रही थी और इसमें नौतन थाना प्रभारी व एएलटीएफ प्रभारी संलिप्त थे।आडियो प्रसारित होने के बाद एसपी अमितेश कुमार ने कार्रवाई करते हुए नौतन थाना में तैनात थानाध्यक्ष उमेश पासवान और एएलटीएफ प्रभारी मनोज कुमार को निलंबित कर दिया है। इस मामले की जांच एसडीपीओ सदर टू मैरवा व अंचल निरीक्षक मैरवा ने की थी। प्राथमिकी में अंचल निरीक्षक मैरवा मुकेश कुमार झा ने बताया कि दिनांक एक जून को एक आडियो प्रसारित हुआ था। इसमें दो व्यक्तियों द्वारा आपस में बातचीत हो रही थी। आडियो क्लिप में मोबाइल नंबर 7369093651 दिखाई दे रहा है। इसमे दोनों व्यक्ति द्वारा बातचीत के क्रम में नौतन थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान एवं एएलटीएफ प्रभारी सअनि मनोज कुमार को दस दस हजार रुपया देने तथा वाहन को नौतन थाना क्षेत्र पास कराने सहित अन्य बातचीत सुनाई दी है। बातचीत के क्रम में ही बोला जा रहा है कि मैं आगे आगे रहूंगा और उक्त गाड़ी में थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान एवं एएलटीएफ प्रभारी सअनि मनोज कुमार रहेंगे। इसके आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-टू मैरवा द्वारा दो जून को नौतन थाना पर मेरे एवं थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान, परि पुअनि ललन कुमार, सअनि मनोज कुमार एवं थाना लेखक पीटीसी नवेंदु कुमार की उपस्थिति में जांच की गई। जांच में थाना के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आडियो क्लिप में एक तरफ से थाना के निजी चालक नौतन थाना क्षेत्र के मठिया निवासी प्रमोद कुमार राम व दूसरी तरफ से खलवा निवासी चीकू सिंह उर्फ चीकू राय उर्फ आर्यन की आवाज है। थाना दैनिकी का भी अवलोकन किया गया इसमें ज्ञात हुआ कि 31 मई को थानाध्यक्ष उमेश पासवान, पीएसआइ धीरज कुमार, रितेश कुमार सिंह, ललन कुमार एवं एएसआइ मनोज कुमार सशस्त्र बल के साथ थाना वाहन से विशेष छापेमारी में प्रस्थान किये थे जो साढ़े नौ बजे रात्रि में थाना वापस आये। इसमें थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान एवं एएलटीएफ प्रभारी मनोज कुमार की भूमिका संदिग्ध है। वहीं बातचीत से थाना का निजी चालक प्रमोद कुमार राम पूर्णतः दोषी है। इस मामले में एसपी ने बताया कि बिहार उत्पाद एवं निषेध अधिनियम के तहत कर्तव्य में विफल रहने के कारण नौतन थानाध्यक्ष व एएलटीएफ प्रभारी को निलंबित किया गया है। वहीं प्राथमिकी भी हुई है।



## युवाओं के दिल मैं बस रहा जनसुराज, बड़े बड़े दल के नेता आने के लिए उत्सुक

**जीरादेई (सिवान)** । प्रखंड क्षेत्र के भ्रमण के क्रम मैं रविवार को जनसुराज के जिला मुख्य प्रवक्ता डा कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि जनसुराज युवाओं के दिल मैं बस रहा है। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि जनसुराज ही ऐसी राजनितिक पार्टी है जो युवाओं के हित के बारे मैं सोच रही है तथा काम भी कर रही है। डा. सिंह ने बताया कि बिहार के हजारों युवा जनसुराज मैं काम कर रहे हैं जिससे उनकी बेरोजगारी तो दूर हो ही रही है साथ ही उनको राजनितिक क्षेत्र का बहुत ज्ञान भी मिल रहा है जो आगामी राजनीती के क्षेत्र मैं मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि बिहार में युवाओं का पलायन एवं बेरोजगारी यक्ष प्रश्न बना हुआ है जिसका उत्तर एवं समाधान जनसुराज के पास है। उन्होंने बताया कि हर तबके के युवा जनसुराज के जुड़ रहे हैं तथा बड़े बड़े दल के नेता जन सुराज मैं आने के लिए उत्सुक हैं जो जीरादेई क्षेत्र के राजनीति के दशा एवं दिशा तय करेंगे। डा. सिंह ने बताया कि बहुत से ऐसे प्रत्याशी हैं जो दूसरे दलों मैं प्रयासरत है वे भी जन सुराज से संपर्क साध रहे है ताकि जनसुराज का टिकट मिल सके.।

## बाइक से गिरकर बच्चा घायल

**सिसवन (सिवान)** । चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर- सिवान मुख्य मार्ग पर बाइक से गिरकर एक बच्चा घायल हो गया। घायल बच्चा स्थानीय निवासी शिव बहादुर सिंह का पुत्र अंकुर कुमार सिंह है। उसका इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया।

## अलग–अलग मारपीट की घटना में दो घायल

**सिसवन (सिवान)** । थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में चैनपुर थाना क्षेत्र के नगई निवासी अर्जुन प्रसाद का पुत्र सुरेश यादव व थाना क्षेत्र के कचनार निवासी राम प्रवेश गिरि का पुत्र राजेंद्र गिरि शामिल है।

## बाइक के धक्का से युवक घायल

**सिसवन (सिवान)** । थाना क्षेत्र के भागर में रिश्तेदारी में आए युवक बाइक से धक्का लगने से घायल हो गया। घायल का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायल की पहचान सारण के दाउदपुर थाना क्षेत्र के कुमार गांव निवासी हरदयाल महतो का पुत्र विजय कुमार महतो के रूप में हुई है।

## बैट–विकेट से प्रहार कर तीन युवकों को किया घायल, रेफर

**लकड़ी नवीगंज (सिवान)** । थाना क्षेत्र के जलालपुर में शनिवार को खेल के विवाद में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए नबीगंज अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान जलालपुर निवासी काशीनाथ राय के पुत्र नीरज कुमार, संजय राय का पुत्र रतनजोत राय और जयप्रकाश प्रसाद का पुत्र शुभम कुमार शामिल हैं। बताया जाता है कि शनिवार की शाम नीरज कुमार, रतनजोत राय एवं शुभम कुमार क्रिकेट खेल रहे थे तभी देर शाम पड़ोसी आकर उन लोगों के साथ गाली गलौज करने लगे। इसका विरोध करने पर पड़ोसियों ने बैट-विकेट से तीनों युवकों पर हमला कर दिया। इस दौरान पड़ोसियों ने मारपीट कर तीनों युवकों को घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा तीनों घायलों को उपचार के लिए नबीगंज अस्पताल लाई जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## घर में घुस मारपीट करने व नकदी सहित आभूषण छीनने का आरोप

**हुसैनगंज(सिवान)** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर निवासी ओमशीला ने थाना में आवेदन देकर अपने पड़ोसी पर घर में घुसकर मारपीट करने एवं नकदी एवं आभूषण छीनने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि पिछले एक सप्ताह से मेरे पड़ोसी मोबाइल चोरी का बहाना बनाकर गाली दे रहे थे। इसी बीच 28 मई को मेरे पति काम पर चले गए तो बृजानंद यादव ने अपने स्वजनों संग मिलकर घर में घुसकर गाली गलौज देते हुए मेरी तथा मेरे पुत्रियों के साथ मारपीट की तथा मोबाइल खोजने के बहाने मेरी गुमटी तोड़ डाली और उसमे से 50 हजार रुपये, मंगलसूत्र, कान की बाली, नथुनी एवं पायल चोरी कर ली। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस संदर्भ में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## मामूली विवाद को ले हुई मारपीट में चार घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव में शनिवार की रात मामूली विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें महिला सहित चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज नबीगंज अस्पताल में किया गया। घायलों में बाबुचंद महतो की पत्नी मालती देवी, पुत्र शिवम कुमार, सुदीश राम के पुत्र नितेश कुमार, अशोक राम के पुत्र पीयूष कुमार शामिल हैं। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जम्मू–कश्मीर से गुम हुई लड़कीं दीनापट्टी से बरामद, जम्मू– कश्मीर पुलिस ले गई साथ

**तरवारा (सिवान)।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के दीनापट्टी गांव से शनिवार को थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने एक लड़की को बरामद कर रविवार को जम्मू कश्मीर पुलिस को सौंप दिया। बता दें कि जम्मू कश्मीर के कठुआ थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की गुम हुई थी, जिसको बहला-फुसला कर दीनापट्टी के लड़का लेकर शादी की नीयत से आ गया था। गुम हुई लड़की के स्वजनों ने कठुआ थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दर्ज रिपोर्ट के आलोक में जम्मू- कश्मीर के कठुआ थाना पुलिस जीबी नगर थाना पहुंच कर स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से लड़की को बरामद कर लिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक बरामद लड़की को जम्मू कश्मीर के कठुआ थाना पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस अपने साथ उक्त लड़की को अपने साथ लेकर चली गई है।

## पकड़ी बाजार में किराए के मकान से लाखों की चोरी, अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**हसनपुरा(सिवान)।** एमएच नगर थाना के पकड़ी बाजार स्थित एक मकान से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस मामले में महुअल महाल के शेखपुरवा निवासी धनंजय मांझी ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मैं डांस एवं ड्रामा पार्टी के नाम से पकड़ी बाजार में एक किराए में मकान में रहकर कार्य करता हूं। सात जून को साज बाज व पूरे पार्टी के साथ ग्यासपुर में विदाई में गया था जहां आठ जून की सुबह जब हम प्रोग्राम करके घर लौटे तो देखा कि बाहर का लाइट खोल लिया गया था। जब में दरवाजा खोलकर अंदर गया तो देखा कि अंदर का दरवाजा का कुंडी तोड़कर नकदी एक लाख 55 हजार रुपये, किन्नर का चांदी का पाजेब, तीन चांदी का बासलेट, गले की सोने की चेन, सोने का कान का झुमका, एक वीवो का मोबाइल, एक केवी का मोटर, तीन हजार वाट का एंपीयर मशीन, एक दो हजार का और मशीन आदि की चोरी कर ली गई है। इस घटना को देख हम सभी दंग रह गए। आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पियाउर में फायरिंग मामले में दोनों पक्षों ने एक–दूसरे के विरुद्ध कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा(सिवान)।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के पियाउर में बकरीद की नमाज बाद फायरिंग के मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इसमें एक पक्ष के पियाउर निवासी साहेब हुसैन ने दो लोगों पर रंगदारी नहीं देने के कारण जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायरिंग करने का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया है कि अबरे आलम द्वारा फायरिंग व जाहिद हुसैन द्वारा चाकू से मारने का प्रयास किया गया। वहीं उपरोक्त व्यक्ति आपराधिक प्रवृत्ति के हैं जो हत्या के मामले में बेल पर बाहर हैं।

# सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डा. महाचंद्र प्रसाद का हुआ अभिनंदन

**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डा. महाचंद्र प्रसाद का अभिनंदन जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पुष्पांजलि अर्पित किया गया एवं वंदे मातरम गायन से शुरू हुआ। जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अपने अपने स्तर से स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह का व्यक्तित्व विराट है। उन्हें सवर्ण आयोग का अध्यक्ष बनाकर प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व ने बहुत सराहनीय कदम उठाया है। इस आयोग के गठन से सभी समाज में उत्साह एवं उमंग है। मुख्य अतिथि डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने कहा मैं भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया है, इस दायित्व पर मैं सत प्रतिशत निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। सभी स्वर्ण समाज के लोग मोदी को धन्यवाद देना चाहते हैं। इस आयोग के गठन से मोदी का मिशन सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास का नारा सफल होता हुआ दिख रहा है। सभा को संबोधित करने वाले में पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, राजीव कुमार बिट्टू सिंह, अनुराधा गुप्ता, पुनम गिरी, लल्लन राय शामिल थे। मंच का संचालन जिला महामंत्री हरेंद्र कुशवाहा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आभा सिंह कुशवाहा, , सुभाष सिंह कुशवाहा, दिपू सिंह चंदेल, संतोष रावत, सौरभ कुशवाहा, कमलेश सिंह, अजीत कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## रितेश हत्याकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को ले छापेमारी

**महाराजगंज (सिवान)** ≈थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी रितेश पटवा हत्याकांड में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है लेकिन सभी अभियुक्त घर छोड़कर फरार बताए जाते हैं। इस संबंध में एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने बताया कि इसके लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं दूसरे भाई विकास पटवा का इलाज गोरखपुर में चल रहा है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस दोनों परिवारों के बीच कई वर्षों से किसी न किसी बात पर बराबर लड़ाई- झगड़ा होता रहा है। इसका नतीजा हुआ कि दो वर्षों के अंदर दोनों परिवार से एक- एक व्यक्ति की हत्या हो चुकी है। एक परिवार जेल में हैं, दूसरा परिवार भी घटना के बाद जेल जाएंगे। ज्ञात हो कि शहर के काजी बाजार में पांच जून की देर शाम पुरानी बाजार निवासी रितेश पटवा व विकास पटवा अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी पट्टीदारों ने उन उन दोनों भाइयों पर तलवार एवं फसुली से प्रहार कर दिया। इस दौरान रितेश पटवा की मौत हो गई जबकि विकास पटवा का इलाज गोरखपुर में चल रहा है। इस मामले में रितेश पटवा की मां निर्मला देवी ने थाना में आवेदन देकर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।

## भाजपा सह सवर्ण आयोग के अध्यक्ष का भाजपा नेताओं ने किया स्वागत

**बसंतपुर (सिवान)** ≈प्रखंड मुख्यालय में रविवार को पूर्व मंत्री सह सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह का भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद के नेतृत्व में माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके अलावा अन्य नेताओं ने भी उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर डा. महाचंद्र प्रसाद सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश व प्रदेश में हो रहे विकास पर चर्चा की। इस अवसर पर महामंत्री प्रमोद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, सुजीत पांडेय, जगन राम, अखिलानंद सिंह, नीरज सिंह, वीरेंद्र सिंह, दारा सिंह, अजय कुमार सिंह, त्रिपुरारी शरण सिंह, अमिताभ सिंह आदि उपस्थित थे।

## घर में घुस मारपीट कर रुपये एवं गहने छीनने का आरोप, पांच नामजद

**हुसैनगंज (सिवान)** ≈थाना क्षेत्र के रफीपुर निवासी रीता देवी ने थाना आवेदन देकर गांव ही पांच लोगों पर घर में घुसकर मारपीट कर रुपये व गहने छीनने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है किहु तीन जून की रात पचरुखी निवासी रौशन कुमार उर्फ संजय कुमार मेरे घर के छत पर चढ़ गया। जब मैंने चोर- चोर कहते हुए शोर मचाया तो वह छत से कूदकर भाग गया। पुनः चार जून को इलाज के क्रम में उसकी मृत्यु हो गई। उसी शाम उसके स्वजनों ने लाठी डंडे एवं राड लेकर मेरे घर आकर गाली देते हुए मुझे तथा मेरे दो गोतिनी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया तथा घर में रखे 50 हजार रुपये एवं बक्से में रखे 12 थान सोने के गहने तथा हमलोगों के गले से तीन मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि सभी प्राथमिकी कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## विधिक जागरुकता शिविर में मंगलामुखियों के विधिक अधिकार के सुरक्षा अधिनियम पर हुई चर्चा

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ≈ प्रखंड के बनसोही पंचायत भवन परिसर में रविवार को विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिवान के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस दौरान मंगलामुखी वर्ग को राहत, कल्याण तथा विधिक अधिकारों के सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा की गई। पैनल अधिवक्ता परशुराम सिंह ने ट्रांसजेंडर अधिकार संरक्षण अधिनियम 2019 तथा सितारा योजना 2023 से उपस्थित जन समूह को अवगत कराया। उन्होंने मंगलामुखियों को मुख्यधारा में लाने के लिए उन्हें पहचान पत्र देने, आयुष्मान कार्ड बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा मिलने के साथ-साथ सरकारी नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था होने पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर न्याय रक्षक इरशाद अहमद ने मंगलामुखी को समाज में समानता का अधिकार होने पर चार चर्चा की। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक बसंतपुर विष्णु देव रंजन, प्रेम किशोर साह, पवन सिंह आदि उपस्थित थे।

## गाली देने व मारपीट मामले में 16 नामजद व 65 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)** ≈थाना क्षेत्र के मड़कन निवासी शंभू कुमार मांझी ने थाना में आवेदन देकर 16 लोगों पर गाली गलौज करने एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है। शंभू मांझी ने आरोप लगाया है कि 29 मई को गांव के ही धोबही टोला में अपने दो भाइयों के साथ भोज खाने गया था। वहां मो. अनीश और मो. इलियाज के अलावा 60 से 65 लोगों ने द्वारा गाली गलौज करते हुए अलग बैठने का दबाव बनाया जाने लगा। इसका विरोध करने पर सभी ने मिलकर तलवार, लाठी एवं डंडे से मारपीट के मेरे भाइयों का सिर फोड़ डाला तथा मुझे मारपीट कर मोबाइल एवं गले से सोने की छीन ली। घटना की सूचना 112 डायल को दी गई। जब 112 डायल की पुलिस पहुंची तो सभी आरोपित फरार हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस संदर्भ में 16 नामजद एवं 50 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## पंचमंदिरा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ सीआरपीएफ जवान का हुआ अंतिम संस्कार

**गुठनी (सिवान)** ≈ प्रखंड क्षेत्र के एकवारी निवासी सीआरपीएफ जवान अरुण कुमार पांडेय ( 53 ) की मौत ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी। स्वजनों की माने तो वह अरुणाचल प्रदेश के सीआरपीएफ के 36 वीं बटालियन में कार्यरत थे। वहां छह जून की सुबह 8.10 बजे ड्यूटी के दौरान ही उसके सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। इस दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार को पटना एयरपोर्ट से शव सड़क के रास्ते होते उनके पैतृक गांव एकवारी लाया गया। शव पहुंचते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। सभी लोगों ने भारत माता की जय और जवान अरुण कुमार अमर रहे के नारे लगाए गए। इस दौरान रविवार की सुबह दरौली प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचमंदिरा घाट पर उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान मौजूद जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। अंतिम सलामी के बाद उनके पुत्र द्वारा मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वजनों ने भी उनके शरीर पर पुष्प अर्पित की। इस मौके पर भाजपा नेता जया मांझी, मुखिया गजराज राम, थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, एएसआइ गणेश चौहान, भाजपा नेता कुंदन सिंह, मनोज राम, गिरीश मिश्रा, राजन मिश्रा, सुरेंद्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, रमेश मिश्रा, ब्यास पांडेय, बेचू पांडेय, संजय मिश्रा, संकट मोचन मिश्रा, रंटू राय, मुन्ना पांडेय आदि मौजूद थे।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 18 घायल, रेफर

**सिवान ।** जिले के अलग-अलग जगहों पर शनिवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में 18 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां कुछ घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घायलों में सिसवन के भागर निवासी कन्हैया राम, सत्येंद्र राम, लाली राम, अमर राम, उत्तिम राम, बिगन राम, संतोष राम, भोला राम, सुबास राम तथा महाराजगंज सिसई के सुभाष राम तथा सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के झुखुड़िया निवासी अर्जुन राम के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताया जाता है कि पहली घटना सिसवन-सिवान मुख्य पथ एसएच 89 पर सहुली-फलदुधिया के समीप हुई। बताया जाता है कि सिसवन थाना के भागर निवासी महेश राम के पुत्र अरविंद कुमार की बरात हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी सुबास राम के घर जा रही थी। इस दौरान सिसवन-सिवान मुख्य पथ एसएच 89 पर सहुली-फलदुधिया के समीप करीब 8.30 बरातियों से भरी सवारी गाड़ी सामने से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। इस दौरान बरातियों से भरी सवारी गाड़ी पलट गई। इसमें सवारी गाड़ी एवं ट्रैक्टर दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। इस दौरान सवारी गाड़ी में सवार करीब 16 बराती घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में भागर निवासी कन्हैया राम, सत्येंद्र राम, लाली राम, अमर राम, उत्तिम राम, बिगन राम, संतोष राम, भोला राम, सुबास राम को गंभीर चोट आई है। वहीं कुछ लोगों को हल्की चोट आने के कारण वे चले गए। घटनास्थल पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर अजय कुमार ने कहा कि सवारी गाड़ी पलट गई थी एवं उसका अगला चक्का फट चुका था। वहीं मेसी ट्रैक्टर का बड़ा वाला चक्का एवं रिम क्षतिग्रस्त है। दोनों गाड़ियों को खींचकर थाना लाया गया है। वहीं दूसरी घटना रघुनाथपुर- सिसवन मुख्य पथ पंजवार गांव के समीप हुई। बताया जाता है कि महाराजगंज के सिसई निवासी सुभाष राम एवं सारण के रसूलपुर थाना क्षेत्र के झुखुड़िया निवासी अर्जुन राम एक ही बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए रघुनाथपुर की ओर जा रहे थे तभी रघुनाथपुर की ओर से तेज गति से आ रही बोलेरो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

